॥ ओ३म् ॥

नीतिमाला का

प्रथम पुष्प.

दण्डो दमयतामस्मि
नीतिरस्मि जिगीषताम् ।
मौनं चैवास्मि गुह्यानां
ज्ञानं ज्ञानवतामहम् ॥
(भगवद्गीता १०-अ०)

अनुवादकः—

पं० उजालादत्त शर्म्मा.

प्रिंटर चौरपक्षलिंगर पं० गङ्गादत्त
शर्म्मा 'धर्मदिवाकरप्रेस' मुरादाबाद

वीरवृत्तान्तमाला नं० १

(अर्थात् छत्रपतिश्रीमानशिवाजी)

आज यदि महाराष्ट्र का गौरव है तो छत्रपति शिवाजी के नामसे है ऐसा कौन है जो आप के जीवन वृत्तान्तको सुनना नहीं चाहता ? परन्तु आज हम अपने हिन्दी पठित भाइयों को यह शुभ समाचार सुनाने के लिये उद्यत हुवे हैं लीजिये लोकमान्य लाला लाजपतिराय के उर्दू शिवाजी का नागरी में भी अनुवाद छपगया ! इसके देखने से न केवल आपको शिवाजी की जीवनी का ही आनंद मिलेगा किन्तु भारतवर्ष की पूर्वीय दशा प्राचीन भारत का स्वभाव शीलता दृढ़ता एवं बुद्धिमत्ता यवनों का हिन्दुओं पर अत्याचार विशेष २ घटनाओं का चित्र आपके सामने आजायगा और आपको पसन्द होगा कि आपके साथ क्या २ बर्त्ताव कियागया । इस पुस्तक से स्त्री मनुष्य युवा वृद्ध सभी लाभ उठा सकते हैं इसकी उत्तमता के विषय में इतना ही काफी समझते हैं कि यह लाजपतिराय जी की उर्दू में रची "शिवाजी मराठा" नामी पोथीका अक्षरानुवाद है । मूल्य केवल ।।) सजिल्द ।। —)

NITI SHATAKAM

BY

MAHARAJA BHARTRIHARI

TRANSLATED

INTO

HINDI AND ENGLISH

BY

P. JWALA DATTA SHARMA

of

MORADABAD.

PRINTED AND PUBLISHED

BY

P. SHANKAR DATT SHARMA

at the Dharm Diwakar Press

Moradabad

1909

First Edetien

1000 Price 4 Annas

PREFACE.

It is a fact that the knowledge of ethical science is of great importance.

It is as much necessary to maintain human society in good order, as a knowledge of sanitary laws is to maintain the physical health of it's individuals. In ancient times, moral education was imparted to the people of Bharat warsh very widely.

The king & the peasant, equally reaped the benifits of a moral teaching early in life.

This is the reason that we remember the people of olden times so reverentially.

While in these days even men with a great store of learning are sometimes unable to please the Civilised society,

We are obliged to admit that they very often fail to keep a strictly moral conduct.

At such a time, I think, it would be simply ministering to a want to present to the public the Translation of maharaja Bhartari hari's Niti Shataka"

I hope that the public would fruitefy the labors of our work by carefully reading the book once.

JWALA DATTA SHARMA

Kisrol,

Moradabad.

24-4-90

भूमिका

प्रथम तो मनुष्यजन्म ही कठिन और यदि यह नरशरीर मिला, तब विद्वान् होना महा-कठिन और यदि विद्वान् भी होगये तब सभ्य बनना अत्यन्त मुश्किल है।

लोग कहते हैं अमुक मनुष्य है तो बड़ा विद्वान् परन्तु अभी बात करना तक नहीं आता या अमुक विद्वान् होने पर भी धोखा खागया इत्यादि। इस के अतिरिक्त बहुत कम ऐसे विद्वान् मिलेंगे जो उन्हीं नियमों पर चलते हों जो कुछ उन्हों ने पढ़े हैं। अवश्य आप के मनमें विचार उदय हुआ होगा कि इस का कारण क्या है? वास्तव में इसका कारण नीतिशिक्षा का अभाव है। यावत् यह शिक्षा न दी जायगी तावत् सभ्य बनना और हर काम में कुशल होना महान् कठिन है। यदि कोई मनुष्य गणित विद्या का पारंगत है तब क्या यह आवश्य

कीय है कि वह वैद्यकशास्त्र का भी ज्ञाता बन जाय ! गणितशास्त्र के पढ़ने से गणितशास्त्र में ही योग्यता होसक्ती है, वैद्यकशास्त्र के सिद्धान्तों को वह गणितशास्त्र के पढ़ने से नहीं जान सक्ता। यदि गणितशास्त्रवेत्ता प्रायः बीमार रहता है तब क्या उस को दोष दिया जासक्ता है कि वह क्यों बीमार रहता है और वह कैसा गणितशास्त्रज्ञ है जो स्वास्थ्यरक्षा और वैद्यक के नियमों को नहीं जान सक्ता।

ठीक यही दशा आजकल के पठित समाज की है, वे जिस विषय (Subject) को पढ़ते हैं उस में योग्य होते हैं जो उन को पढ़ाया नहीं जाता यदि उस में वे अनभिज्ञ हैं तब उनका क्या दोष ! क्या एक सम्पत्तिशास्त्र (Political economy) के विद्यार्थी के लिये आवश्यकीय है कि वह भूगोल और खगोल सम्बन्धी बातें भी जानजाय।

लोग शिकायत करते हैं, कि मनुष्य सदाचारी नहीं बनते, योग्य और कर्मकुशल नहीं बनते। यह एक ऐसी शिकायत है जैसे कोई पिता अपने

पुत्र को न पढ़ाता हुआ यह कहे कि वह विद्वान् नहीं बनता।

हमने किसी उर्दू पुस्तक में एक शेर पढ़ा था वास्तव में वह बड़ा ही भावपूर्ण और ध्यान में रखने के लायक है जहां तक हमें स्मरण है वह इस प्रकार है—

हमने माना हो फ़रिश्ते शेख़जी,
आदमी होना बड़ा दुशवार है।

आदमी बनने और फरिश्ते बनने में अन्तर है दोनों एक नहीं हैं।

प्राचीन काल में यहां नीतिशिक्षा का कितना प्रचार था सो तत्कालीन ग्रन्थों के देखने से भली प्रकार मालूम होता है। उस समय नीतिशिक्षा प्रायः सब को ही दीजाती थी क्या राजा क्या रंक सभीके लिये अलग अलग नीतिग्रन्थ बनगये थे।

पोलिटिकल परिवर्त्तनों से जो संस्कृतग्रन्थ बच गये हैं उनमें तीन ग्रन्थ नीतिके लिये प्रसिद्ध हैं— १—चाणक्यनीति, २—शुक्रनीति और भर्तृहरिजीका नीतिशतक। इन के अतिरिक्त और भी नीति के

ग्रन्थ पायेजाते हैं । विदुरजी की नीति भी प्रसिद्ध है ।

हमको एक छोटीसी हस्तलिखित पुस्तक मिली है वह भी नीति की है पुस्तक बड़ी भावपूर्ण है परन्तु लेखक ने उसको बहुत अशुद्ध लिखा है और बहुत दिनों की लिखी होने के कारण उसके पृष्ट भी फटगये है जिसके कारण बहुत से श्लोकों के एक २ दो २ चरण उड़गये हैं । इसी कारण हम उसको प्रकाशित न करसके । परन्तु इस से यह विचार तो अवश्य होता है कि इसी तरह और भी अनेक नीतिग्रन्थ रहे होंगे कुछ उन बादशाहों के जो अपने को सभ्यता का अवतार मानते थे और उनकी जाति अब भी अपने आप को सुह-ज़ब समझतीहै हम्माम गरम करने में खर्चआये कुछ हमारे ध्यान न देने से नष्ट होगये ।

परन्तु यह मत निर्भ्रांत है निःसंशय और निः-संदेह कि पहले समय में नीतिशास्त्र और नीति-शिक्षा की कमी नहीं थी ।

यह कारण था कि हमारे पुरुषा अद्वितीय विद्वान

कुशल और सुसभ्य थे। कोई पुत्र पिताकी अवज्ञा नहीं करता था कोई स्त्री पति की अनाज्ञाकारिणी नहीं सुनी गई। कैसा ही विकट समय क्यों न उपस्थित हुआ वे नहीं घबराते थे, प्रत्युत, युक्ति और बलद्वारा अपना कार्य शीघ्र करलेते थे। इस प्रकार के उदाहरणों की हमारे यहां कमी नहीं है जिसकी इच्छा हो वह और न सही तो ध्यानपूर्वक रामायण और महाभारत का ही पाठ करजाय।

परन्तु आज इतनी गहरी सभ्यता होने पर भी हम सैकड़ों मुकद्दमे ऐसे देखते हैं जिनमें एक ओर पुत्र और प्रतिपक्ष में पिता है! स्त्री पतिपर अभियोग चलाती है। नित्यप्रति के व्यवहार में तो अनेक ऐसे उदाहरण इस नवीन सभ्यताके मिलते हैं कदाचित् उनका प्राचीन समयमें उल्लेखभी नहो।

हम अवश्य जानते हैं, कि केवल नीतिशिक्षा के अभाव सेही यह दशा नहीं वरन् इस में धर्मशिक्षा का अभाव भी एक कारण है। परन्तु वह इस समय हमारा विषय नहीं, उसके विषय पर फिर किसी समय लिखेंगे।

हमारा यह विचार है यदि मनुष्य "नीति" के गूढ़ विषय को समझले तब उस को इसी शिक्षाके साथ २ धर्मशिक्षा भी मिलसक्ती है।

क्या वह नीतिज्ञ होसक्ता है जिस से कोई अधर्म का कार्य्य बने ?

हमारे लिये आवश्यकीय है कि हम अपनी सन्तानों को जहां अनेक प्रकार की शिक्षा देते हैं वहां साथ ही "नीतिशिक्षा" भी दें। क्योंकि ये बालक ही हमारी भावी उन्नति के उत्तरदाता और बीज हैं, इन्हीं में हमारे देश, जाति और धर्मका उपकार करने का तत्त्व छिपा हुआ है अंग्रेजी में एक कहावत है कि:-

Child is the father of man

परन्तु बच्चों को नीतिशिक्षा कौन दे यहां तो स्वयं ही उस से परिचित नहीं।

इसी अभिप्राय से कि हमारे देशभ्राता प्रथम स्वयं नीति के महत्त्वको समझ जायँ इनने प्रसिद्ध श्रीयुक्त भर्तृहरिजी के "नीतिशतक" का हिन्दी और अंग्रेजी अनुवाद आप की भेंट किया है।

प्रायः हमारे भाई तीन भाषा में से कोई न कोई अवश्य जानते हैं। संस्कृत, हिन्दी, या अंग्रेज़ी।

तीनों भाषाभाषी: इस पुस्तक से लाभ उठा सक्ते हैं, यदि ऐसा हुआ तब हम भी अपने परिश्रम को सफल समझेंगे और फिर किसी ऐसी ही कृति को आप की भेंट करने का साहस कर सकेंगे।

नीतिज्ञों का सेवक—

किसरौल,
मुरादाबाद
१९-४-०९

ज्वालादत्तशर्म्मा

॥ ओ३म्

अथ भर्तृहरिकृतं
नीतिशतकम् ॥

परमात्मने नमः ॥

दिक्कालाद्यनवच्छिन्नानन्तचिन्मात्रमूर्तये ।
स्वानुभूत्येकमानाय नमः शान्ताय तेजसे॥१॥

जो ईश्वर दशों दिशा तीनों काल एवं आकाशादि में व्याप्त है और अपने ही अनुभव से जानने योग्य हैं ऐसे शान्त एवं प्रकाशस्वरूप परमत्मा को नमस्कार है ॥ १ ॥

BHARTRI HARI'S
NITI SHATAK,

1. Salutation to God pervading time and space &c. absolute Intellect, only to be known by self conciousness all calm and all Glory.

यां चिन्तयामि सततं मयि सा विरक्ता
साप्यन्यमिच्छति जनं स जनोऽन्यसक्तः ।
अस्मत्कृते च परितुष्यति काचिदन्या
धिक्तां च तं च मदनं च इमां च मां च ॥२॥

जिस (रानी)से मैं प्रेम रखताहूं वह अन्य पुरुष को चाहती है और वह पुरुष किसी और स्त्री से प्रेम करता है और वह स्त्री हम से प्रसन्न है इस लिये रानी को उस अन्य पुरुष एवं कामदेव को तथा इस वेश्या और मुझ को धिक्कारहै ॥ २ ॥

2. The woman is indefferent to me to whom I love always, she woes another man who loves another lady enamoured of me. Ah! fie to her, her paramour, to God of lust, to prostitute and to me.

अज्ञःसुखमाराध्यःसुखतरमाराध्यतेविशेषज्ञः।
ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्मापितं नरं न रंजयति ३

अज्ञानी, सुखपूर्वक और ज्ञानी बड़ी सरलता से समझ सक्ता है परन्तु जो अल्पज्ञानी है उस

मनुष्य को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं करसक्ता ॥ ३ ॥

3. To please the ignorant is easy and to the learned still more easy. But Brahma even cannot please the half learned man.

प्रसह्य मणिमुद्धरेन्मकरवक्त्रदंष्ट्रांऽकुरात्
समुद्रमपि संतरेत्प्रचलदूर्मिमालाकुलम् ॥
भुजङ्गमपि कोपितं शिरसि पुष्पवद्धारयेत्
नतुप्रतिनिविष्टमूर्खजनचित्तमाराधयेत् ॥४॥

मनुष्य बलद्वारा मगर की दाढ़ों की नोक से मणि निकाल सक्ता है, चंचल तरङ्गों से क्षोभित समुद्र को तैरसक्ता है, और कुपित सर्पको भी पुष्पमाला के समान शिर में धारण करसक्ता है परन्तु मूर्ख के चित्त को जो कुकर्म में फंसरहा है, नहीं हटा सकता ॥ ४ ॥

4. It is possible to take out by force the jewels from the points of teeth of the alegator, to swim across the ocean filled with swelling billows, even to carry the vexed serpent on the head like a flower but it is impossible to reclaim

the ignorant's mind set upon a thing however wrong it may be.

लभेत सिकतासु तैलमपि यत्नतः पीडयन्
पिबेच्चमृगतृष्णिकासु सलिलं पिपासार्दितः॥
कदाचिदपि पर्यटञ्छशविषाणमासादयेत्
नतु प्रतिनिविष्टमूर्खजन चित्तमाराधयेत् ॥५॥

कदाचित्, यत्नद्वारा वालूसेभी तैल निकलसक्ता है प्यासा मनुष्य मृगतृष्णासे भी अपनी प्यास बुझा सक्ता है और खोजने से खरगोश का सींग भी मिलसक्ता है यह सब बातें असम्भव होने पर भी सम्भव होसक्ती हैं परन्तु मूर्ख मनुष्य के मन को सुधारना नितान्त असम्भव है ॥ ५ ॥

5. From the lump of sand oil can be obtained with an effort by pressing, from a marriage water can be obtained dy a thirsty, in ramble one may find out perhaps an hair with h ⊇ n but the mind of the ignorant set upon e false thing cannot be corrected.

व्यालं बालमृणालतन्तुभिरसौ
रोद्धुं समुज्जृम्भते।
छेत्तुंवज्रमणीञ्छिरीषकुसुम-
प्रान्तेन सन्नह्यते ।
माधुर्यं मधुबिन्दुना रचयितु
क्षाराम्बुधेरीहते,
नेतुं वाञ्छति यः खलान्पथि सतां
सूक्तैः सुधास्यन्दिभिः ॥ ६ ॥

जो मनुष्य अपने अमृतरूपी वचनों द्वारा खल मनुष्य को सन्मार्ग में लाना चाहता है (मानो) वह कमल की कोमल डण्डी के सूत से हाथी को बांधना चाहता है, सिरस के पुष्प की पंखरी से हीरे को बेधने का यत्न करता है और बूंदभर शहद से खारी समुद्र को मीठा करना चाहता है ॥ ६ ॥

6. One who desires to please the fools with his sweet words tries to tie the elephant

with the thread produced from the root of the Kamal flower, and to pierce the diamond with the leaf of the Suras flower and to make sweet the salty ocean with one drop of honey.

स्वायत्तमेकान्तगुणं विधात्रा ।
विनिर्मितं छादनमज्ञतायाः ॥
विशेषतः सर्वविदां समाजे।
विभूषणं मौनमपण्डितानाम् ॥ ७ ॥

मौन रहना अपने आधीन गुण है ब्रह्मा ने इस को मूर्खता का ढकना बनाया है, और विशेष कर पण्डितों की सभा में तो यह मूर्खों का बहुत बड़ा आभूषण है ॥ ७ ॥

7. Silence is the cover of ignorance the quality of voluntary reserve is made by Brahma as an ornament of the fools especially in the assembly of the learned.

यदा किञ्चिज्ज्ञोऽहंद्विप इवमदांधः समभवम्
तदा सर्वज्ञोऽस्मीत्यभवदवलिप्तं मम मनः ॥

यदाकिञ्चित्किञ्चिद्बुधजनसकाशादवगतम्
तदा मूर्खोऽस्मीतिज्वरइवमदो मे व्यपगतः ८

जब मैं अल्पज्ञ था, तब हस्ती की समान मदान्ध होरहा था तब मैं मन में सोचता था, कि मैं सर्वज्ञ हूं, परन्तु जब मैंने पण्डितों का सत्संग करके कुछ ज्ञान प्राप्त किया तब मैंने अपने को मूर्ख पाया और मेरामद ज्वर की समान उतरगया ॥ ८ ॥

8. When I knew a little I was blind by pride as an elephant by lust, then my mind was puffed up with the arrogance that I know all. but when I came to know something by the company of the learned my pride left me like fever from the conviction that I was ignorant indeed.

कृमिकुलचितंलालाक्लिन्नं विगर्हितजुगुप्सितम्
निरुपमरसं प्रीत्या खादन्नरास्थिनिरामिषम् ॥
सुरपतिमपि श्वा पार्श्वस्थं विलोक्य न शङ्कते
नहि गणयतिक्षुद्रो जंतुःपरिग्रहफल्गुताम् ९

क्षुद्र मनुष्य जिस वस्तु का ग्रहण करता है उस की तुच्छता पर उसी प्रकार ध्यान नहीं देता और सज्जनों की निन्दा से नहीं डरता ठीक जिसप्रकार कोई कुत्ता, कीड़ों से युक्त लार से भीगे दुर्गन्धि से पूरित, निन्दित, नीरस एवं मांसरहित मनुष्य के हाड़ को खाते समय अपने पास खड़ेहुये इन्द्र को देख कर भी शङ्का नहीं करता ॥ ९ ॥

9. A mean fellow does not care the unworthiness of a thing he holds, just as a dog does not care even the Indra standing by when engaged in eating a bone full of multitude of warms, fleshless, tasteless and smeared with slime, filthy and disguesting.

शिरः शार्वं स्वर्गात्पतति शिरसस्तत्क्षितिधरं
महीध्रादुत्तुङ्गादवनिमवनेश्चापि जलधिम् ।
अधोऽधो गङ्गेयं पदमुपगता स्तोकमथवा
विवेकभ्रष्टानांभवतिविनिपातःशतमुखः १०

गङ्गाजी प्रथम स्वर्ग से महादेव के शिरपर गिरीं वहां से ऊँचे पर्वतपर, उस पर्वत से भूमिपर, भूमि

से समुद्र में गिरीं, इसी प्रकार विवेक भ्रष्ट मनुष्य भी अनेकप्रकारसे नीचे कोही गिरते जाते हैं १०॥

10. This Ganga first fell from the paradise on the head of Shiva and thence on the high mountain and from that place on the earth and therefrom to the ocean. Thus going down and down became less also in volnme. In like way a person destitnte of wisdom meets in hnndered ways his fall (or runis).

शक्यो वारयितुंजलेनहुतभुक्छत्रेणसूर्यातपो
नागेन्द्रोनिशितांकुशेनसमदौदण्डेनगोगर्दभौ
व्याधिर्भेषजसंग्रहैश्च विविधैर्मन्त्रप्रयोगैर्विषं
सर्वस्यौषधमस्ति शास्त्रविहितं—
मूर्खस्यनास्त्यौषधम् ॥ ११ ॥

जलसे अग्नि का, छत्रीसे धूपका तेज, अंकुश से हाथीका, दंडेसे बैल और गधेका, अनेक औषधों से रोग का और मंत्र प्रयोगसे विष का निवारण कियाजासक्ताहै। इसप्रकार सबका शास्त्रोक्त औषध है परन्तु मूर्ख मनुष्यकी कोई औषधि नहीं॥११॥

II. As the fire can be vanquished with water, sun shine (can be removed) with an umbrella, an elephant with a sharp iron goad, Asses so on with a rod, a dicease wsth a medicine and poison is diseffected with an Application of various Mantrss (incantations) ; in short every sort of medicine is prescriped in the Shastras, but there is no medicine for the fool in the shastras.

साहित्यसङ्गीतकला विहीनः—
साक्षात्पशुः पुच्छविषाणहीनः ।
तृणं न खादन्नपि जीवमान—
स्तद्भागधेयंपरमंपशूनाम् ॥१२॥

जो मनुष्य साहित्य, संगीतशास्त्र और कलाकौशल की विद्या से अनजान है, वह साक्षात् विना पूंछ और सींगवाला पशुहै, यह पशु विना घास खाये जीताहै यह इस विलक्षण पशुका उत्तम भाग्यहै१२

12. The man devoid of music or skill is evidently a beast without a tail or horn. His

superiority over the lower animals in his living without grazing grass.

येषां न विद्या न तपो न दानं—
ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः ।
ते मर्त्यलोके भुविभारभूता—
मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति॥१३॥

जो मनुष्य न विद्वान् न तपस्वी न दानी न ज्ञानवान् न सुशील न गुणी और न धर्म्मात्माहैं। वे संसार में पृथ्वी पर भार रूप हुए मनुष्य रूप में पशु की समान विचरते हैं ॥ १३ ॥

13. Those persons are burden on the earth and live the life of a beast in human form, who possess neither learning, meditation, generosity, spiritual knowledge, good charactor, attainment nor virtue.

वरं पर्वतदुर्गेषु भ्रान्तं वनचरैस्सह ।
न मूर्खजनसम्पर्कः सुरेन्द्रभुवनेष्वपि ॥१४॥

पहाड़ों और दुर्गम वनोंमें शेर और भील

आदि वनचरों के साथ भ्रमण करना भला है परन्तु मूर्खों का सहवास इन्द्रभवन में भी त्याज्य है ॥ १४ ॥

14. Wandering in the forests and mountains with the wild beasts is better than the company of an ignorant man in the court of immortals.

शास्त्रोपस्कृत शब्द सुन्दरगिरः—
शिष्य प्रदेयागमा ।
विख्याताः कवयो वसन्ति विषये—
यस्य प्रभोर्निर्धनाः ॥
तज्जाड्यं वसुधाधिपस्य कवयो—
ह्यर्थं विनापीश्वराः ।
कुत्साः स्युः कुपरीक्षकाहि मणयो—
यैरर्घतः पातिताः ॥ १५ ॥

शास्त्रों के शब्दों से जिनकी वाणी सुन्दर है शिष्यों के देने योग्य जिनके पास विद्या है ऐसे

कवि जिस राजाके देश में निर्धन हुऐ वास करते हैं, वह राजा मूर्ख है, कविजन विना धन के भी उत्तम हैं क्योंकि जिन्हों ने मणियोंका मूल्य घटा दिया है वे परीक्षक ही खोटे हैं किन्तु मणि किसी प्रकार दूषित नहीं ॥ १५ ॥

15. The king in whose reign the famous poets having sweet language with the practice of the Shastras, and able to teach the students, and renouned, are poor; it is his folly, for they are kings even without riches, just as the jewellers are to blame only who reduce the price of the jewels.

हर्तुर्याति न गोचरं किमपि शं-
पुष्णाति यत्सर्वदा ।
ह्यर्थिभ्यः प्रतिपाद्यमानमनिशं-
प्राप्नोति वृद्धिं पराम् ॥
कल्पान्तेष्वपि न प्रयाति निधनं-
विद्याख्यमन्तर्धनं ।

येषां तान्प्रति मानमुज्झत नृपाः
कस्तैः सह स्पर्धते ॥ १६ ॥

जो हरनेवाले को नहीं दीख पड़ता सर्वदा सुख बढ़ाता, विद्यार्थियों को देने पर भी बहुत बढ़ता, और कल्पान्त अर्थात् प्रलयकाल में भी जिसका नाश नहीं होता ऐसा छिपाहुआ विद्या-रूपी धन जिनके पास है, हे राजा लोगों ! उनसे अभिमान मत करो क्योंकि उनकी बराबरी कोई नहीं कर सक्ता ॥ १६ ॥

16. Oh king ! dont show your pride to those who possess the secret knowledge of treasure that is ever unseen by the robber that increases the more it is asked of by its seekers day and night, and that is not exhausted in the lapse of ages, for who can rival it.

अधिगतपरमार्थान् पण्डितान्माऽवमंस्था-
स्तृणमिव लघुलक्ष्मीर्नैवतान् संरुणद्धि ।
अभिनवमदलेखाश्यामगण्डस्थलानाम्-
न भवति विसतन्तुर्वारणं वारणानाम् ॥ १७ ॥

जिनके पास परम अर्थ अर्थात् मोक्ष तक की सामग्री प्रत्युत है ऐसे विद्वानों का निरादर मत करो क्योंकि उनको तुम्हारी तृणवत् तुच्छ लक्ष्मी उस प्रकार नहीं रोकसक्ती जिस प्रकार महामत्त गजराज को कमल की नाभि का सूत नहीं बांध सक्ता ॥ १७ ॥

17. Do not disrespect the learned men who are versed in divine knowledge. They are not attached by wealth which is like a bit of grass to them, just as the fibres of a lotus stalk cannot become fetters to elephant whose temples are bedaubed by the flowing of black secretion in the rutling season.

अम्भोजिनीवननिवासविलासमेव-
हंसस्य हन्ति नितरां कुपितो विधाता ।
नत्वस्य दुग्धजलभेदविधौ प्रसिद्धां-
वैदग्ध्यकीर्त्तिमपहर्तुमसौ समर्थः ॥ १८ ॥

यदि विधाता हंस पर क्रोध करे, तब वह उस के कमल वन में रहने के आनन्द को नष्ट कर

सक्ता है परन्तु उसके दूध और जलके अलग२ करने के प्रसिद्ध चातुर्य्य और उससे मिलनेवाले यश को नष्ट करने में वह (विधाता) सर्वथा असमर्थ है ॥१८॥

18. The angry fortune of the swan can destroy his sports and residence in the clusture of lotuses but she is unable to take off his well known skill in the process of separating milk from water.

केयूरा न विभूषयन्ति पुरुषं-
हारा न चन्द्रोज्ज्वला ।
न स्नानं न विलेपनं न कुसुमं-
नालङ्कृता मूर्द्धजाः ॥
वाण्येका समलङ्करोति पुरुषं-
या संस्कृता धार्य्यते ।
क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं-
वाग्भूषण भूषणम् ॥ १९ ॥

मनुष्य को बाजूबन्द, चन्द्रमाकी समान उज्वल मोतियों का हार, स्नान, चन्दन, पुष्प, माल, और

केशों का सँवारना आदि भूषित नहीं कर सक्ता किन्तु उसको केवल संस्कारयुक्त वाणी ही अलंकृत करसक्ती है क्योंकि वस्त्र आभूषण आदि सब नष्ट होनेवाले हैं परन्तु वाणीरूप आभूषण ही सच्चा आभूषण है ॥ १९ ॥

19. Neither bacelets nor necklaces shining with pearls, noither bathing ointments, nor the fiowers, braided in the hair adorn man; but only the speech fragrant with learning confers grace on him. All ornaments are sure to perish, but the ornament of speech is the only lasting ornament of man.

विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं-
प्रच्छन्नगुप्तं धनं ।
विद्या भोगकरी यशःसुखकरी-
विद्या गुरूणां गुरुः ॥
विद्या बन्धुजनो विदेशगमने-
विद्या परं दैवतं ।

विद्या राजसु पूजिता नहि धनं-
विद्या विहीनः पशुः ॥ २० ॥

विद्या मनुष्य का सुन्दर रूप और छिपाहुआ धन है, विद्या ही भोग यश और सुख देनेवाली है, विद्या गुरु जनों का भी गुरु है, विद्या ही विदेश में भाई की तुल्य :सहायकारिणी है, विद्याही परम देवता है राजों में विद्याही की पूजा होती है धन की नहीं। इतने गुणों की खानरूप विद्या जिस मनुष्य के पास नहीं है वह पशु सम है ॥ २० ॥

20. Knowledge is the man's great beauty and hidden hoard of treasnre, fame and comfort; it is the teacher of teachers. It is a relative in the foreign land. It it the great God. It is honored by kings but not wealth. The man devoid of it is a beast.

क्षान्तिश्चेद्वचेन किं किमरिभिः-
क्रोधोऽस्तिचेद्देहिनां ।
ज्ञातिश्चेदनलेन किंयदि सुहृद्दिव्यौ-
षधैः किं फलम् ॥

किं सर्पैर्यादिदुर्ज्जनाः किमु धनै-
र्विद्याऽनवद्या यदि ।
व्रीडा चेत्किमु भूषणैः सुकविता-
यद्यस्ति राज्येन किम् ॥ २१ ॥

जिस्में शांति है उसे वचन से क्या ? जिस्में क्रोध है उसे शत्रु की क्या आवश्यकता है ? जिसकी जाति (बिरादरी) है उसे अग्नि से क्या प्रयोजन ? जिस के शुभ मित्र हैं उसे ओषधि से क्या ? जिस के साथ बुरे मनुष्य रहतेहैं उसका सर्प और क्या बिगाड़ेगा ? जिसके पास विद्या है उसे धन की क्या आवश्यकता ? जो लज्जावान् है उसे और भूषणों का क्या करना है ? इसी प्रकार जो सुन्दर कविता करसक्ता है उस की दृष्टिमें राज्य क्या चीज है ॥ २१ ॥

21. That who has forbearance he needs no talk, and; that who has anger to burn his body needs on enemy and that who hes relatio ners to support needs no fire to rnin him; that who has a good friend needs no remedy; that

who is bad man needs no serpent to bite him, he needs no riches, who, possesses unblamable knowledge; needs no ornaments who possess modesty. And that who possesses the powers of a good poet needs no royalty.

दाक्षिण्यं स्वजने दया परजने
शाठ्यं सदा दुर्जने-
प्रीतिः साधुजने नयो नृपजने
विद्वज्जनेष्वार्जवम् ।
शौर्य्यं शत्रुजने क्षमा गुरुजने
नारीजने धूर्त्तता-
ये चैवं पुरुषाः कलासु कुशला-
स्तेष्वेव लोकस्थितिः ॥ २२ ॥

जो अपने संबंधियों के साथ सरलता, दूसरों पर दया, दुर्जनोंके साथ शठता, सज्जनोंसे प्रीति, राज-सभामें विनय, पंडितोंके साथ सीधापन, शत्रुओंके साथ शूरयता, पूज्जनों में क्षमा, और (व्यभि-

धारिणी) स्त्रियों के साथ धूर्त्तता से वर्त्तता है वही कलावान् है और यह संसार उसीके आश्रय है ॥२२॥

22. Those who show librality to relationers, commisseration to others, severity to wicked, friendship to good men, politeness to the court of the king, knavery to the women, are honored in this world, being clever in arts.

जाड्यं धियो हरति सिञ्चति वाचि सत्यं-
मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति ।
चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्त्ति-
सत्सङ्गतिः कथय किन्न करोति पुंसाम् २३

सत्संगति, बुद्धिकी जड़ताको दूर करती, वचन में सचाई को भरती, प्रज्ञा बढ़ाती, दुष्ट कर्म को दूर करती, चित्त को प्रसन्न करती, और सब जगह यशको फैलाती । कहो कौनसी ऐसी भलाई है जिसे सतसंगति सिद्ध नहीं करती ? अर्थात् सभी भलाइयों का स्थान सत्संगति है ॥ २३ ॥

23. Dullness of the understanding is removed by the good company, and good comp-

any showers truth in speech, increases esteem. purifids sin. exhilarates the mind spreads fame abroad, in short what good is there it does not do to men.

जयन्ति ते सुकृतिनो रससिद्धाः कवीश्वराः।
नास्ति येषां यशः काये जरामरणजं भयम्२४

ऐसे पुण्यात्मा कवीश्वर जो आठों रसों में सिद्धि प्राप्त करचुके हों सबमनुष्यों में उत्तम हैं । क्योंकि उनकी कीर्तिरूप देहको कभी बुढ़ापे और मरणका भय नहीं होता ॥ २४ ॥

24. The great poets who are masters of Rasas trops so on. who perform virtuous acts are happy for they have no fear of decay or death in their incarnate fame.

सूनुः सच्चरितः सती प्रियतमा
स्वामी प्रसादोन्मुखः-
स्निग्धं मित्रमवञ्चकः परिजनो
निः क्लेशलेशं मनः ।

आकारो रुचिरः स्थिरश्च विभवो
विद्यावदातं मुखं-
तुष्टे विश्वपहारिणीष्टदहरौ
संप्राप्यते देहिनाम् ॥ २५ ॥

सदाचारी पुत्र, पतिव्रता स्त्री, सर्वकाल प्रसन्न रहनेवाला स्वामी, प्रेमीमित्र, सरलचित्त कुटुम्बी क्लेशरहित मन, सुन्दर स्वरूप, चिरस्थायी-ऐश्वर्य और विद्या से शोभायमान मुख उसीको प्राप्त होते हैं जिस के ईश्वर और भाग्य दोनों अनुकूल हों ॥ २५ ॥

25. The virtuous son, the chaste affectionate wife, the kind master. loving friends honest relations. calm happy mind, stable wealth, profound speech are obtained by the men with whom the upholder of the world the granter of the desires is pleased.

प्राणाघातान्निवृत्तिः परधनहरणे
संयमः सत्यवाक्यम्—

काले शक्त्या प्रदानं युवतिजनकथा
मूकभावः परेषाम् ।
तृष्णास्रोतोविभङ्गो गुरुषु च विनयः
सर्वभूतानुकम्पा–
सामान्यः सर्वशास्त्रेष्वनुपहतविधिः
श्रेयसामेष पन्थाः ॥ २६ ॥

सर्वसम्मत, सब शास्त्रों में एकसा कल्याण का मार्ग यही बताया गयाहै कि जीवहिंसा न करना, पराये धनहरने से मन को रोकना, सत्य बोलना, उचित समय पर यथाशक्ति दान करना, पर स्त्री की बातें न सुनना न करना, तृष्णा के वेग को रोकना, गुरुजन जनों के आगे नम्र रहना और प्राणीमात्र पर दया करना ॥ २६ ॥

26. Desistance for the destruction of life, self-denial in taking the wealth of others. veracity, occasional charity according to mean, silence in talking of the other peoples' wives, check on the passion of averice, reverence to

teachers, mercy to all creatures, an acquaintance with all the systems of philosophy and observance of Vedic rites form the path of happiness.

प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचैः—
प्रारभ्य विघ्नविहिता विरमन्ति मध्याः।
विघ्नैः सहस्रगुणितैरपि हन्यमानाः—
प्रारभ्य चोत्तमजना न परित्यजन्ति॥ २७॥

नीचलोग किसी विघ्न के भय से किसी कार्य्य का आरम्भ नहीं करते मध्यम जन (रजोगुणी) आरम्भ कर देते हैं परन्तु बिघ्न पड़जाने से बीच में छोड़ देते हैं परन्तु उत्तम (सात्विक) लोग निरन्तर बिघ्नों को सहते हुए भी उस काम को विना पूरा किए नहीं छोड़ते ॥ २७ ॥

27. The vulgar do not begin a thing for fear of obstacle; the middling meeting impediments cease to do it after they have commenced it. but the best men do not give up a work from hand, when once undertaken,

although they are disappointed often and often by unfavourable circumstances.

असन्तोनाभ्यर्थ्याःसुहृदपिनयाच्यःकृशधनः
प्रियान्याय्यावृत्तिर्मलिनमसुभङ्गेऽप्यसुकरम् ।
विपद्युच्चैः स्थेयं पदमनुविधेयं च महतां-
सतां केनोद्दिष्टं विषममसिधाराव्रतमिदम् २८

अच्छे पुरुषों को चाहिए कि क्षुद्रजनों से याचना न करें निर्धन मित्रसे कुछ न मांगे किन्तु न्यायानुकूल प्रिय जीविका करें प्राणजाने के भय भी खोटा काम न करें विपत्ति में धैर्य धारण करें इस प्रकार तलवार की धार से भी तेज प्रतिपालन को उपदेश सज्जनों के लिये किसने किया ? किसी ने नहीं यह सज्जनों का स्वाभाविकगुण है ।।२८।।

28. The good man neither ask of the vicious, nor of the good hearted men of little wealth, who maintain their character in adversity and who follow great men's course of life and to whom it is difficult to do evil act even in misfortune and stand in high position ever

in distress; who has taught than this austere conduct harder than the edge of the sword ? Say Brahma has taught them.

क्षुत्क्षामोऽपि जराकृशोऽपि शिथिल
प्रायोऽपि कष्टां दशा-
मापन्नोपि विपन्नदीधितिरपि
प्राणेषु नश्यत्स्वपि।
मत्तेभेन्द्रविभिन्नकुम्भकवल
ग्रासैकबद्धस्पृहः।
किं जीर्णं तृणमत्ति मानमहता
मग्रेसरः केसरी ॥ २९ ॥

भूंख से दुर्बल, बुढ़ापे से कृश, पराक्रम हीन, शोचनीय दशा को प्राप्त, तेज रहित और जिसके प्राण निकल रहे हों मत्त हस्ती के माथे के मांस की चाह करनेवाला और अभिमानियों में अग्रसर सिंह घास को खायगा अर्थात् कदापि नहीं ।।२८।।

29. The loin the type of pride though

oppressed with hunger, decrepit with age, very weak placed in a painful condition devoid of terror and on the point of death yet does not eat dry grass, but looks for a morsel of lacerated head of the leader of the elephants.

स्वल्पं स्नायुवसावशेषमलिनं
निर्मांसमप्यस्थि गोः—
श्वा लब्ध्वा परितोषमेति न तु
तत्तस्य क्षुधाशान्तये ।
सिंहो जम्बुकमङ्कमागतमपि
त्यक्त्वा निहन्ति द्विपं-
सर्वः कृच्छ्रगतोऽपि वाञ्छति जनः
सत्त्वानुरूपं फलम् ॥ ३० ॥

स्नायु और चर्बी में सने हुए मांसरहित्र बैल की हड्डी के छोटे से टुकड़े को पाकर कुत्ता बहुत प्रसन्न होता है यद्यपि वह हड्डी उस कुत्तेकी भूंख को हर नहीं सक्ती परन्तु सिंह अपनी गोद में

आए हुए गीदड़ को छोड़ देता और हाथी को मारना चाहता है ॥ ३० ॥

30. The dog obtaining a bit of bone without flesh and full with leavings of tendous and marrow becomes gratified though it does not appease its hunger, the loin leaving the jackal fallen within its clutches kills an elephant, in fact all the people even in distress desire to have fruit of their respective powers.

लांगूलचालनमधश्चरणावपातं-
भूमौ निपत्य वदनोदरदर्शनञ्च।
श्वा पिण्डदस्य कुरुते गजपुंगवस्तु--
धीरं विलोकयति चाटुशतैश्च भुङ्क्ते ३१

कुत्ता टुकड़ा देनेवाले के आगे पूंछ हिलाता, पैरोंपर गिरता, पृथिवीपर लोटकर मुंह और पेट दिखाताहै। परन्तु हाथी अपने अन्नदाताकी ओर धीरजसे देखकर खाता जाता है। भावार्थ यह कि तुच्छ मनुष्य अपने वृतिदाता की सैकड़ों खुशामदें

करता है परन्तु महान् पुरुष बड़ी गम्भीरता से अपने अन्नदाता का धन्यवाद करते हैं ॥ ३१ ॥

31. The dog wags the tail croaches at the feet of his master and laying on the gronnd shows his face and belly but the young elephant slowly casts the eye arround and is given to ent with fiattering words.

स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम् ।
परिवर्त्तिनि संसारे मृतः को वा न जायते ३२

इस संसार में वही मनुष्य जन्मा है जिस के जन्मने से वंश की उन्नति हुई हो—नहीं तो परिवर्त्तन शील संसार में सभी मरते और जन्मते हैं ॥ ३२ ॥

32. Who is not born in this changing world! but he alone is said to be properly born by whom the family is raised to prosperity.

कुसुमस्तवकस्येव द्वे गती स्तु मनस्विनाम् ।
मूर्ध्नि वा सर्वलोकस्य विशीर्य्येत वने ऽथवा ३३

पुष्प के गुच्छेकी समान दृढ़ विचारवाले पुरुषों की दो गति होती हैं, या तो सबके सिरपर विराजते हैं या बनही में सूख जाते हैं ॥ ३३ ॥

33. Like the nosegay there are two states of philosophers either to stand on the top of all or to wither in the forests.

सन्त्यन्येऽपि बृहस्पतिप्रभृतयः
सम्भाविताः पञ्चश---
स्तान्प्रत्येष विषेषविक्रमरुचीं
राहुर्न वैरायते ॥
द्वावेव ग्रसते दिनेश्वरनिशा
प्राणेश्वरौ भास्वरौ ।
भ्रातः ! पर्वणि पश्य दानवपतिः
शीर्षावशेषी कृतः ॥ ३४ ॥

यद्यपि बृहस्पति आदि अन्य पांच ग्रहभी आकाश में हैं परन्तु अधिक पराक्रम की इच्छा करनेवाला राहु उससे बैर नहीं करता हे भ्राता !

देखो अमावस्या और पौर्णमासी को जिस का शिरमात्र शेष रहगया है ऐसा राहु, पूर्ण तेजवाले सूर्य और चन्द्रमा कोही ग्रसता है ॥ ३४ ॥

34. There are in the heaven Brihaspati so on. 5 or 6 respectable planets, but Rahu the gr[illegible]y of bravery ;does not fight with them. Oh brother ! see that this Rahu the master of Daityas having head only left devours sun and moon the masters of day and night at the time of Amavas Purnima.

वहति भुवनश्रेणीं शेषः फणाफलकस्थिताम्
कमठपतिता मध्ये पृष्ठे सदा स विधार्य्यते ॥
तमपि कुरुते क्रीडाधीनं पयोधिरनादरादहह!
महतां निस्सीमानश्चरित्रविभूतयः ॥ ३५ ॥

शेषजीने अपने फणपर सब भुवनों को धारण किया है उस शेष कोभी कच्छपने अपनी पीठपर धारण किया है कच्छप कोभी समुद्रने बाराह के आधीन किया ॥ अतः महापुरुषों के कर्म और ऐश्वर्य भी बड़े ही होते हैं ॥ ३२ ॥

35. The serpent Seshnag bears on his phan the burden of several worlds, and him the tortoise always bears on his back, and that tortoise is carelessly supported by the ocean oh! how boundless is the working terms of the learned man.

वरं पक्षच्छेदः समदमघवन्मुक्तकुलिश-
प्रहारैरुद्गच्छद्बहलदहनोद्गारगुरुभिः ॥
तुषाराद्रेः सूनोरहह! पितरि क्लेशविवशे-
नचासौसम्पातः पयसि पयसां पत्युरुचितः ३६

इन्द्र के बज्रसे निकली हुई अग्निसे भस्म हो-कर मरजाना अच्छाथा, परन्तु अपने पिता हिमा-लय को दुःख में छोड़ मैनाक को उचित न था कि अपनी रक्षाके लिये समुद्र में जापड़ता ॥ ३६ ॥

36. It was better to have his wings cut by the dagger of Indra whose stroke is unbearable than the sinking of Mainak the son of Himalaya in the ocean for the sake of saving his wings leaving his father Hamalaya in danger.

यद्चेतनोऽपि पादैः स्पृष्टः—
प्रज्वलति सवितुरिनकान्तः ।
तत्तेजस्वी पुरुषः परकृत—
विकृतिं कथं सहते ॥ ३७ ॥

यद्यपि सूर्य्य कान्तमणि अचेतन है तथापि सूर्य्य के किरणरूप चरणसे छुएजाने पर जल उठता है तब सचेतन तेजस्वी पुरुष किसी नीच पुरुष के अनादर को कैसे सहन कर सक्ता है ॥ ३७ ॥

37. How can the great men bear disgrace from others ? even the crystle lens thoagh life-less begins to burn in contact with solar rays.

सिंहः शिशुरपि निपतति
मदमलिनकपोलभित्तिषु गजेषु ।
प्रकृतिरियं सत्ववतां न खलु
वयस्तेजसो हेतुः ॥ ३८ ॥

शेरका बच्चाही क्यों न हो वह मदवाले हाथी को मारने के लिए दौड़ता है, क्योंकि तेजस्वियों

का यह स्वभावही है, कुछ तेजका कारण अवस्था नहीं है ॥ ३८ ॥

38. The lion though young falls upon the elephants whose temples are wet with secretion in rattling. The same is also the nature of great men. So age is not the cause of courage.

अथ द्रव्यप्रशंसा ॥

जातिर्यातु रसातलं गुणगणस्त-
स्याप्यधो गच्छतात् ।
शीलं शैलतटात्पतत्वभिजनः
सन्दह्यतां वह्निना ॥
शौर्य्ये वैरिणि वज्रमाशु निपत-
त्वर्थोस्तु नः केवलम् ।
येनैकेन विना गुणास्तृणलव-
प्रायाः समस्ता इमे ॥३९॥

चाहै जाति पाताल को चलीजाय, समस्तगुण उससे भी नीचे चलेजायँ, शील भलेही पर्वत से गिरकर नष्ट होजाय, एवं कुलीनता अग्नि में भस्म होजाय और शूरता के ऊपर बिजली गिरपड़े परन्तु हम को केवल धन से प्रयोजन है जिस के विना ये गुण तृणकी समान तुच्छ होजातेहैं ॥३९॥

39. Let the tribe go to hell and all the qualities go down lower than hodes, let goodness fall from the ridge of mountrin and let the relations be burnt in fire and let the thunder bolt strike the devil bravery; we care only for wealth without which all those qualities are very much like bit of grass.

तानान्द्रियाणि सकलानि तदेव कर्म-
सा बुद्धिरप्रतिहता वचनं तदेव ।
अर्थोष्मणा विरहितः पुरुषः स एव-
त्वन्यः क्षणेन भवतीति विचित्रमेतत् ॥४०॥

मनुष्य की वही इन्द्रियां हैं, वही बुद्धिहै और वचनभी वही है परन्तु एक धनकी गर्मी न रहने

से मनुष्य क्षणमात्र में और का और ही होजाता है ॥ ४० ॥

40. It is a great wonder that the man when deprived of the pride of wealth becomes a quite different thing in a moment although all the senses, the actions, the sharp intellect, the speech and the person are the same.

यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः
स पण्डितः स श्रुतवान् गुणज्ञः।
स एव वक्ता सच दर्शनीयः,
सर्वेगुणाः काञ्चनमाश्रयन्ति ४१

जिस मनुष्य के पास धन है, वही अच्छे कुल वाला, बुद्धिमान्, शास्त्रवेत्ता, गुणी, वक्ता, और सुन्दर स्वरूपवाला समझा जाता है भावार्थ यह कि सब गुण धन केही आश्रय रहते हैं " ४१ ॥

41. Whosoever possesses wealth is considered of a noble frmily, a learned man, a scholar and eloquent speaker and a beautiful person for all qualities depend upon wealth.

दौर्मन्त्र्यान्नृपतिर्विनश्यति यतिः
सङ्गात्सुतो लालना-
द्विप्रोऽनध्ययनात्कुलं कुतनया-
च्छीलं खलोपासनात् ।
ह्रीर्मद्यादनवेक्षणादपि कृषिः
स्नेहः प्रवासाश्रया-
न्मैत्री चाप्रणयात्समृद्धिरनया-
त्यागात् प्रमादाद्धनम् ४२ ॥

बुरे परामर्श से राजा, मेलजोल से संन्यासी, लाड प्यार से पुत्र, विद्या न पढ़ने से ब्राह्मण, दुष्ट संतानसे कुल, कुसंग से शील, मद्यपान से लज्जा, देखभाल न करने से खेती, विदेशमें रहनेसे स्नेह, आधीनताके विना मित्रता, अनीतिसे धन सम्पत्ति, विरक्ति और प्रमादसे धन नष्ट होजाता है ॥ ४२ ॥

42. The king is ruined by an evil counsil, the ascetic by mixing in a bad company, the son by fondness, (love) the Brahman by not

studying the Vedas, the house by a bad son, character by the service of the mean, shame by drinking, a crop by not guarding it, love by residence in a foreign land, friendship by want of affection, prosperity by imprudence, wealth by pride and requisition.

दानं भोगो नाशस्तिस्रो, गतयो भवन्ति वित्तस्य । यो न ददाति न भुङ्क्ते, तस्य तृतीया गतिर्भवति ॥ ४३ ॥

दान, भोग और नाश ये तीन मार्ग धन निकलने के हैं । जो मनुष्य धन को न दान करता और न भोगता है उस के धन की तीसरी गति (नाश) होती है ॥ ४३ ॥

43. Donation, enjoyment and loss are the three states of wealth the person who neither gives it in charity nor enjoys it has his wealth full in the third state (loss).

मणिः शाणोल्लीढःसमरविजयी हेतिनिहतो मदक्षीणोनागः शरदि सरितःश्यानपुलिनाः ।

कलाशेषश्चन्द्रः सुरतमुदिता बाललुलना। त
निम्नाशोभन्तेगलितविभवाश्चार्थिषुजनाः४४

इन की शोभा क्षीणताही में होती है ? सान पर घिसे हुए हीरे की, युद्ध से जीतनेवाले शस्त्र से घायल की, मद से मुक्त हस्थी की, शरदृतु में थोड़े जलवाली नदी की, द्वितीया के चन्द्रमा की, रति से पीड़ित बाल स्त्रीकी और अतिदान से निर्धनहुए पुरुष की शोभा होती है ॥ ४४ ॥

44. Diamond polished on the stone, warrior who has gained a battle elephant whose intoxication has been got over, less watered stream of the winter season, the moon of the day of Duj, yonng woman disfigured of ornament by lashews of night and a poor by móney gifts etc, all these are shined by such habits.

परिक्षीणःकश्चित् स्पृहयति यवानां पसृतये ।
सपश्चात्सं पूर्णो कलयति धरित्रीं तृणसमाम्॥
अतश्चानैकान्त्याद् गुरुलघुतयार्थेषु धनिना।

अवस्थावस्तूनि प्रथयति च सङ्कोचयति च ४५

जब मनुष्य अत्यन्त हीन दशा में होता है तब थोड़े से जौ की ही इच्छा करता है परन्तु वही पुरुष जब अति धनाढ्य होजाता है, पृथ्वी को भी तृणसमान गिनने लगता है । इस कारण ये दोनों अवस्था ही पुरुष को छोटा और बड़ा बनाती हैं और वस्तुओं को भी बढ़ाती और घटाती हैं ॥ ४५ ॥

45. When a man is in the poor state he wishes to have half handfull of rice but when the same man becomes rich enough he cares the earth even like bit of grass. With this reason two circumstances make the man great and small, spreads and conjeals other thing.

राजन्दुधुक्षसि यदि क्षितिधेनुमेनाम्,
तेनाद्य वत्समिव लोकममुं पुषाण ।
तस्मिंश्च सम्यगनिशं परिपोष्यमाणो,
नानाफलैः फलति कल्पलतेवभूमिः ॥ ४६ ॥

राजन् ! यदि पृथ्वीरूप गौ को दुहा चाहते हो तब वत्सरूपी प्रजा को भली प्रकार पोषण करो । जब यह वत्स भली प्रकार पुष्ट किया जायगा तभी यह भूमि कल्पलता की भांति नाना प्रकार के फल फूलों से फलैगी ॥ ४६ ॥

46. Oh king! if thon wishest to milk the cow of the earth (kingdom) protect the snbjects like children for they, day and night being well protected the land of brings forth many kinds of fruits like Kalap Ialta in the Heaven.

सत्यानृता च परुषा प्रियवादिनी च
हिंस्रादयालुरपिचार्थपरावदान्या ।
नित्यव्यया प्रचुरनित्यधनागमा च
वेश्याङ्गनेव नृपनीतिरनेकरूपा ॥ ४७ ॥

राजा लोगोंकी नीति कहीं सच्ची, कहीं झूंठी, कहीं कठोर और कहीं मीठा बोलनेवाली, कहीं हिंसा और कहीं दया करानेवाली कहीं लोभ से भरी और कहीं उदारता से पूर्ण कहीं व्यय और

कहीं संचय कराने वाली वेश्या के समान अनेक रूप धारण करती है ॥ ४७ ॥

47. Like a prostitute King's policy assumes many forms it tells the truth, untruth, severe or sweet things, it is cruel, kind, selfish, liberal, prodigal or frugal as suits it.

आज्ञा कीर्तिः पालनं ब्राह्मणानाम्
दानं भोगो मित्रसंरक्षणं च ।
येषामेते षड्गुणा न प्रवृत्ताः
कोऽर्थस्तेषां पार्थिवोपाश्रयेण ॥ ४८ ॥

विद्या, कीर्ति ब्राह्मणोंका पालन, दान करना, भोग और मित्रों की रक्षाकरना, ये छै गुण जिन में नहीं आए उन पुरुषों को राजा के यहां अधिकार पाने का क्या लाभ हुआ ॥ ४८ ॥

48. What is the use on those persons being in a king's service who have not got those six virtues in them viz learning, fame, maintenance of Brahmans, generosity, love of enjoyment, the protection of friends.

यद्धात्रा निजभालपट्टलिखितं स्तोकंमहद्वा धनम् । तत्प्राप्नोति मरुस्थलेपि नितरां मेरौ ततोनाधिकम् ॥ तद्धीरो भव वित्तवत्सु कृपणां वृत्तिं वृथा मा कृथाः, कूपे पश्य पयोनिधावपिघटो गृह्णाति तुल्यं जलम् ॥ ४९ ॥

थोड़ा या बहुत जो कुछ धनादि द्वारा सुख प्राप्त होना विधाता ने मस्तक में लिख दिया है ऊसर भूमि और सुमेरु पर्वतपर जानेसे भी न्यूनाधिक नहीं होसक्ता । इस लिये धीरज करो और धन वालों के पास जाकर वृथा याचना मत करो देखो, घड़ा कूप और समुद्र मेंसे बराबर ही जल ग्रहण करता है ॥ ४९ ॥

49. Whatever wealth little or much is decreed by God to one's lot can be got even in a desert, not a bit more can be obtained on the Meru mountain; therefore do not eccept a mean work in the service of a rich, be contended, don't you see that a pitcher let down either in a well or in ocean holds an equal quantity of water.

त्वमेव चातकाधारोऽसीति केशां न गोचरः।
किमंभोदवरास्माकं कार्पण्योक्तिःप्रतीक्ष्यते५०

हे जलद ! कौन नहीं जानता कि तुमही चातक पक्षियों के आधार हो, फिर भला हमारे दीन वचनों की क्यों प्रतीक्षा कर रहे हो ? ॥ ५० ॥

50. Oh best cloud ! who is it that does not know that you are the support of Chatak; why do yon wait for our poor solicitation.

रेरेचातक सावधानमनसा मित्रक्षणं श्रूयता, मम्भोदा बहवो हिसन्ति गगने सर्वेपि नैतादृशाः । केचिद्वृष्टिभिरार्द्रयन्तिवसुधां गर्जन्ति केचिद्वृथा, यं यं पश्यसि तस्य तस्य पुरतो मा ब्रूहि दीनं वचः ॥ ५१ ॥

अरे पपीहा ! सावधान होकर हमारा वचन सुन ले, आकाश में बहुत से बादल हैं परन्तु सब समान नहीं हैं । उन में से कोई तो जल वर्षा कर पृथ्वी को पूर्ण कर देते हैं और कोई २ वृथाही

गरजते हैं इस कारण, हे मित्र ! सभी के आगे दीनता से जल के लिये मत पुकार ॥ ५१ ॥

51. Oh friend Chatak ! listen to me for a moment with undivided attention; though many clouds live in the sky yet all are not alike, only some wet the earth with rain, but others thunder in vain; hence you should not make application before all that you happen to see

अकरुणत्वमकारण विग्रहः
परधने परयोषिति च स्पृहा ।
सुजनबन्धुजनेष्वसहिष्णुता
प्रकृति सिद्धमिदं हि दुरात्मनाम् ॥ ५२ ॥

निर्दयीपना, बिना कारण वैरकरना, पराए धन की इच्छा रखना, पराई स्त्रीको चाहना, सज्जनों की बात न मानना और कुटुम्ब की बड़ाई न देख सकना ये छै अवगुण दुष्ट मनुष्यों में स्वाभाविक होते हैं ॥ ५२ ॥

52. Cruelity. groundless quarrel, desire for the wife aud wealth of others, nonfor-

bearance towards good men and relations are natural to the evil minded.

दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययाभूषितोऽपि सन्।
मणिनालंकृतःसर्पः किमसौ न भयंकरः ५३

दुर्जन मनुष्य विद्वान् होने पर भी त्याज्य है क्योंकि मणि से भूषित सर्प क्या भय देनेवाला नहीं होता ? ॥ ५३ ॥

53. A vicious man though adorned with knowledge, should be avoided for is not the serpent decorated with jewels fearfull.

जाड्यं ह्रीमति गण्यते व्रतरुचौ दम्भः शुचौ कैतवम्, शूरे निर्घृणता मुनौ विमति ता दैन्यं प्रियालापिनि। तेजस्विन्यवलिप्त-ता मुखरता वक्तर्यशक्तिः स्थिरे, तत्कोनाम गुणो भवेत्सगुणिनां यो दुर्जनैर्नांकितः ५४

दुर्जन, लज्जावान्को शिथिल, व्रतीको दम्भी, पवित्र को छली, शूर को दयाहीन, थोड़ा बोलने वालेको मूर्ख, मीठा बोलनेवाले को दीन, तेजस्वी

